# आज के दौर में महिला सशक्तिकरण पर बनी फिल्मों में थप्पड़ सर्वश्रेष्ठः शमा सिकंदर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से पहले अभिनेत्री शमा सिकंदर ने हिंदी सिनेमा में महिला किरदारों को लेकर आए क्रांति के बारे में अपने विचार साझा किए। शमा ने कहा, सिनेमा ने मुद्दों को मुख्यधारा में लाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है और महिलाओं ने आगे आकर पर्दे पर अपने दमदार अभिनय से मदर इंडिया से अर्थ से कहानी और चीन जैसी फिल्में दी हैं। अगर हम शोले जैसी फिल्मों की बात करते हैं, तो हेमा मालिनी जी ने बसंती की बेहतरीन भूमिका निभाई, जिसे हम कभी नहीं भूलेंगे। महिलाओं के लिए मुद्दे सर्वोपरि रहे हैं और किसी भी बिंदू पर उन्होंने आंखें बंद करना स्वीकार नहीं किया है।

शमा ने तापसी पन्नू की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म थप्पड़ की भी तारीफ की। अभिनेत्री ने कहा, यह सबसे अच्छी बात है, जो आप इस महिला दिवस पर कर सकते हैं। आज के दौर में महिला सशक्तिकरण पर बनी फिल्मों में यह फिल्म सर्वश्रेष्ठ है और इसे देखने के बाद सभी महिलाएं अपने लिए डटकर खड़ी हो सकती हैं।

# समांतर से डिजीटल में डेब्यू करेंगे स्वप्निल जोशी

अभिनेता स्वप्निल जोशी वेब स्पेस में कदम रखने के लिए तैयार हैं। वह वेब शो समांतर से डेब्यू करने वाले हैं। इस बारे में उन्होंने कहा, मैं बीते दो सालों से वेब सीरीज को ना कह रहा था, और इस दौरान मेरे पास कई तरह के कंटेंट आए। मैं इंतजार करना चाहता था, क्योंकि मेरा मानना है कि लंबे समय के लिए प्रभाव छोड़ने के लिए आपका पहला लुक / इंप्रेशन सबसे ज्यादा मायने रखता है। वेब स्पेस के कई फायदे हैं : इसमें कोई सेंसरशिप नहीं है और कहानियां उतनी ही सच्ची होती हैं, जितनी वह हो सकती हैं।

उन्होंने कहा, मैं एक ऐसे स्क्रिप्ट का इंतजार कर रहा था जो इन सभी मापदंडों पर खरी उतरे और मुझे वेब स्पेस में एक हीरो वाली एंट्री दे। जब समांतर का प्रस्ताव मेरे सामने पेश किया गया था, तो मुझे लगा कि यह सभी सही बिंदुओं पर सटीक है। समांतर जल्द ही एमएक्स प्लेयर पर प्रसारित होगा।

# करिश्मा ने अभी तक नहीं देखी फिल्म 'अंदाज अपना अपना'

बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर का कहना है कि उन्होंने अपनी फिल्म 'अंदाज अपना अपना' अबतक नहीं देखी है।

करिश्मा कपूर लंबे अरसे के बाद एक बार फिर से रूपहले पर्दे पर दस्तक दे रही हैं। करिश्मा वेब सीरीज 'मेंटलहुड' के जरिये कमबैक कर रही है। करिश्मा ने मेंटलहुड के प्रमोशन के दौरान अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी कई सारी शेयर की हैं। करिश्मा ने अपनी फिल्म 'अंदाज अपना अपना' को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। करिश्मा कपूर ने कहा, मैं ईमानदारी से कहना चाहती हूं कि मैंने इस फिल्म को अभी तक नहीं देखा है। ऐसा इसलिए क्योंकि उस वक्त हम लोग तीन-चार शिफ्ट में एक दिन में काम किया करते थे। बिल्कुल भी समय नहीं हुआ करता था। इसी वजह से अपनी ही फिल्म नहीं देख पाते थे। शूटिंग के दौरान हम लोग एक दूसरे से बात नहीं करते थे। यह एक क्लासिक मूवी थी। गौरतलब है कि वर्ष 1994 में प्रदर्शित अंदाज अपना अपना में करिश्मा के कपूर के अलावा रवीना टंडन, सलमान खान, आमिर खान, परेश रावल ,शक्ति कपूर जैसे सितारों ने एक साथ काम किया था।

# कसौटी जिंदगी की संग जुड़े नए कलाकार


दिव्य दृष्टि की अभिनेत्री पारुल चौधरी और हालिया रिलीज ब्लॉकबस्टर फिल्म कबीर सिंह में शाहिद कपूर के दोस्त की भूमिका वाले कुणाल ठाकुर कसौटी जिंदगी की के कलाकारों की सूची में शामिल हुए हैं। साल 2001 में इसी नाम से प्रसारित होने वाले कार्यक्रम के इस रीबूट के बारे में कुणाल ने कहा, कसौटी.. टेलीविजन में मेरा डेब्यू है और इससे बेहतर और कुछ हो ही नहीं सकता क्योंकि यह एक लोकप्रिय कार्यक्रम है। टीवी का माध्यम मेरे लिए नया है, लेकिन यह काफी मजेदार भी है।

उन्होंने आगे कहा, सेट पर मैं काफी सारी नई चीजें सीख रहा हूं, प्रोड्क्शन के लोग, निर्देशक सभी बहुत अच्छे और मददगार हैं। बालाजी टेलीफिल्मस के साथ काम करने से मुझे एक अच्छी पहचान मिलेगी।

पारुल इस धारावाहिक से जुड़कर बेहद रोमांचित हैं। उन्होंने कहा, दिव्य दृष्टि को समाप्त हुए अभी दो हफ्ते भी नहीं हुए हैं और जब बालाजी टेलीफिल्मस की तरफ से मुझे कॉल आया, तब मैं केरल में छुट्टियां मना रही थी, तो पहले किए गए ऑडिशन के आधार पर ही बिना लुक टेस्ट और ऑडिशन के मुझे फाइनल कर लिया गया। कसौटी.. में मैं अनुराग की बड़ी बहन राखी का किरदार निभा रही हूं, जो कनाडा से आई हुई है।

# मैं मां की तरह सफल फैशन डिजाइनर बनना चाहती थीः गैब्रिएला डेमेट्रिएड्स

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



गैब्रिएला डेमेट्रिएड्स साउथ अफ्रीका से मुंबई आई थीं फैशन की दुनिया में अपने सपनों को पूरा करने के लिए। उन्हें पता नहीं होगा कि यह शहर उनका घर बन जाएगा और वह अपने पार्टनर और बच्चे के साथ यहीं की होकर रह जाएंगी। मॉडलिंग करते-करते उन्होंने फिल्मों में छोटे रोल भी किए इसी बीच उनकी मुलाकात अर्जुन रामपाल से हो गई। समय के साथ उनका रिश्ता गहरा हुआ। अब दोनों एक बच्चे के पैरेंट्स हैं। उन्होंने बताया कैसे अर्जुन से मुलाकात हुई और मुंबई उनका घर बन गया। गैब्रिएला बताती हैं, मैं हमेशा अपनी मां की तरह सफल फैशन डिजाइनर बनना चाहती थी। मैंने साउथ अफ्रीका में असिस्टेंट स्टाइलिस्ट के तौर पर शुरुआत की। बाद में एक फटॉग्रफर ने मुझसे कहा कि मुझे मॉडलिंग करनी चाहिए। मैंने अपने बिजनस को फंड करने के लिए इसे सही मौका समझा। मैं इंडियन मॉडलिंग एजेंसी से मिली। उसने मुझे भारत आने के लिए सजेस्ट किया क्योंकि यहां अच्छे मौके थे। हमारे म्यूचुअल फ्रेंड्स भी हैं, इसलिए मैं उनसे सोशल गेदरिंग में मिलती रहती थी।

पहली बार मैं उनसे 2018 में मिली थी। वहीं से हमारे बीच कनेक्शन बना। समय के साथ रिश्ता मजबूत होता गया। अर्जुन जेंटलमैन हैं। काम के लिए हमारा प्यार क्रिएटिविटी, ऐम्बिशन और फिटनेस ये सब कॉमन हैं। हम दोनों ही फैमिली ओरिएंटेड हैं। अर्जुन ने मुझे बताया कि मैं अच्छी ऐक्टर नहीं हूं। मुझे नहीं लगता कि उन्होंने मेरी कोई फिल्म देखी है। वैसे मेरे फैशन करियर के लिए वह काफी सपॉर्टिव हैं। वह खुद भी सुपरमॉडल रहे हैं। क्योंकि मैं दूसरे देश से हूं, फेस्टवल सीजन में मैं अलग-थलग महसूस करती हूं। क्योंकि मुझे समझ नहीं आता कि हो क्या रहा है। अर्जुन को भारतीय होने पर गर्व है और वह सारे त्योहार मनाते हैं। उनके साथ वक्त गुजारने के बाद ही मैं होली, दिवाली और दूसरे त्योहार मनाने लगी। हम ये सब प्राइवेट रखना चाहते थे। और इस चीज को लेकर मैं काफी अलग हूं। मुझे नहीं लगता कि आपको बिना मतलब में शादी करने की जरूरत है। मुझे लगता है कि किसी भी चीज को करने का हमेशा एक ही रास्ता नहीं होता। हां सोशल प्रेशर था, लेकिन पर्सनल चॉइस इम्पॉर्टेंट है। जब आप यह चुनते हैं कि आप किससे डेट या शादी करना चाहते हैं तो यह फैसला आप तक ही रहना चाहिए। दूसरे देशों की तरह यहां के लोग भी दूसरों की चॉइस को एक्सेप्ट करने लगे हैं। मैंने हमेशा दूसरों की मर्जी को स्वीकार किया है। उम्मीद करती हूं कि दुनिया भी मेरी चॉइस एक्सेप्ट करेगी। इस बारे में कोई स्ट्रॉन्ग ओपेनियन नहीं। यह बस मेरी चॉइस है। मुझे नहीं लगता है कि हर चीज के लिए हमें इतना सीरियस होना चाहिए। मुझे नहीं लगता है कि प्यार को किसी रूलबुक से डिफाइन करना चाहिए। वक्त बदल रहा है। अर्जुन और मेरे बीच शादी का टॉपिक कभी नहीं आता। अरिक हिंदू नाम है, जिसका संस्कृत में मतलब होता है शासकों पर शासन करने वाला। हम ऐसा नाम ढूंढ रहे थे जिसका प्रननसिएशन आसान हो।

# एवलिन शर्मा ने केचअप और टोमेटो सॉस में अंतर पूछा

बॉलिवुड के पर्दे पर नाम कमाने वाली जर्मन बाला एवलिन शर्मा चर्चा में हैं। सिनेमा की दुनिया में हमने उन्हें आखिरी बार साहो फिल्म में देखा था। एवलिन ने ट्विटर पर एक सवाल किया। उन्होंने पूछा कि केचअप और टोमेटो सॉस में क्या अंतर है? फैन्स ने जवाब देना शुरू किया। कुछ तो इतने क्रिएटिव हो गए कि पूछिए ही मत।

ये जवानी है दीवानी फेम एवलिन को जवाब में एक यूजर ने कहा, हम तो जी बस टमाटर की चटनी से जानते हैं। एक यूजर ने थोड़ा ज्यादा दिमाग लगा दिया। उसने लिखा, केअचप पौधे से गिरे टमाटर से बनता है।

बहुत से यूजर ने एवलिन के साथ-साथ जनता की जानकारी भी बढ़ाई। उन्होंने गूगल पर रिसर्च कर पूरा ब्योरा दिया। वैसे, एक यूजर ने लिखा, केचअप सेलेब्स के लिए होता है, टोमेटो सॉस हमारे लिए है।

एवलिन शर्मा ने साल 2006 में अमेरिकी फिल्म टर्न लेफ्ट से ऐक्टिंग डेब्यू किया था। 2012 में फ्रॉम सिडनी विद लव से बॉलिवुड में डेब्यू किया। रणबीर कपूर के अपोजिट ये जवानी है दीवानी में एवलिन को खूब पसंद किया गया।

जर्मनी में पैदा हुई एवलिन के पिता पंजाबी हैं, जबकि उनकी मां जर्मनी की हैं। एवलिन ऐक्टिंग के साथ-साथ मॉडलिंग भी करती हैं। वह पंजाबी फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं।

# विद्या बालन ने शेरनी की शूटिंग शुरु की



बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन ने अपनी आने वाली फिल्म शेरनी की शूटिंग शुरू कर दी है। विद्या ने अपने अगले प्रोजेक्ट शेरनी की घोषणा सोशल मीडिया पर कर दी है। उन्होंने शेरनी के लिए शूट भी शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर कर विद्या बालन ने फैन्स के साथ ये जानकारी शेयर की है।

विद्या ने फैन्स को बताया कि उन्होंने अपनी फिल्म की शूटिंग वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ डे पर शुरू की है। उन्होंने मुहूर्त की तस्वीरें भी शेयर की हैं। तस्वीर में शेरनी का क्लैपबोर्ड और पूजा सामग्री नजर आ रही है। विद्या ने तस्वीर को शेयर करते हुए लिखा, सभी का आशीर्वाद मिला। वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ डे पर शेरनी का शूट शुरू किया। जंगल के बीच में एक प्राचीन मंदिर में मुहूर्त पूजा की गई।

बताया जा रहा है कि विद्या बालन की यह फिल्म इंसान और वाइल्ड लाइफ के बीच होने वाले टकराव पर बनेगी। कहा जा रहा है कि यह कहानी अवनी नाम की शेरनी की विवादास्पद हत्या के इर्द-गिर्द घूमती है। नवंबर 2018 को शूटर ने फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के अधिकारियों के निर्देश पर अवनी को मार डाला था। उनका कहना था कि अवनी ने महाराष्ट्र में 13 लोगों को मार दिया था इसलिए अधिकारियों ने इस खूंखार शेरनी को मारने का फैसला किया था।